**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक– 13.09.2025 (दोपहर – 1455 बजे)**

केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि केंद्र सरकार ने स्कूली बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए कई कदम उठाए हैं। इस सिलसिले में पूरे देश में चौदह हजार से ज्यादा पीएम श्री विद्यालय खोले गए हैं। वे आज कोडरमा स्थित पीएम श्री परियोजना बालिका प्लस टू विद्यालय में आयोजित शिक्षक–अभिभावक बैठक के बाद संवाददाताओं को संबोधित कर रही थीं।

इस मौके पर उन्होंने शिक्षा के साथ विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित करने के साथ कई आंगनबाड़ी केंद्रों के नए भवन का शिलान्यास किया. कार्यक्रम में विधायक नीरा यादव भी मौजूद थीं.।

********************

राज्य में मुख्यमंत्री मईंया सम्मान योजना के लाभुकों को सितंबर माह की सम्मान राशि दुर्गापूजा के पहले डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खाते में भेज दी जाएगी,वही पिछले तीन माह के बकाये वृद्धावस्था पेंशन की राशि भी लाभुकों को मिलेगी। सामाजिक सुरक्षा निदेशालय ने इसके लिए सभी जिलों को राशि आवंटित कर दी है।

********************

राज्य़ के सभी व्यवहार न्यायालयों में आज झालसा के सहयोग से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया है। इस सिलसिले में रांची व्यवहार न्यायालय में चौवन बेंचों पर मामलों के निष्पादन की प्रक्रिया जारी है। वहीं गिरिडीह जिले में 13 बेंचों में मामलों के निष्पादन की प्रक्रिया चल रही है। डालसा के सचिव सफदर अली नायर ने बताया कि यहां समझौतों के माध्यम से अब तक 5 हजार मामलों का निपटारा किया गया है।

********************

झारखंड हाईकोर्ट के रिटार्यड जस्टिस की मौजूदगी में रिम्स शासी परिषद की 60 वीं बैठक जारी है। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार और संसाधनों की व्यवस्था को लेकर चर्चा हो रही है। बैठक में नियुक्तियों और व्यवस्था में सुधार को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा सकते हैं।

********************

खूंटी जिले में किसानों द्वारा पहली बार काला नमक धान की खेती की जा रही है। इसके लिए उन्हें विशेष प्रशिक्षण दिया गया है।

********************

खासमहाल भूमि घोटाला के आरोपी निलंबित आईएएस अधिकारी विनय चौबे की जमानत याचिका पर हजारीबाग एसीबी कोर्ट 16 सितंबर को अपना फैसला सुनाएगा। विनय चौबे की जमानत याचिका पर सुनवाई पूरी चुकी है और कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रखा है।

********************

पाकुड़ जिला के नगर थाना क्षेत्र स्थित किताझोर मुहल्ले में पुलिस ने छापेमारी कर मादक पदार्थ के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

********************

मौसम विभाग ने राजधानी रांची सहित राज्य के अन्य इलाकों में अगले तीन दिनों तक भारी बारिश की सम्भावना जताई है। इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार 15 सितंबर के बाद मानसून में थोड़ा बदलाव आएगा।

********************

चीन के हांगझोउ में चल रही महिला एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता–2025 के सुपर चार के अंतिम मुकाबले में आज भारत का सामना जापान से हो रहा है। ताजा समाचार मिलने तक इस मैच में भारत एक शून्य से आगे है। इस मैच में सीधी जीत से भारत का फाइनल में पहुंचना तय हो जाएगा। इससे पहले सुपर– चार के पहले मुकाबले में भारत ने दक्षिण कोरियो को पराजित किया था, जबकि चीन से हार का सामना करना पड़ा।

********** *********